# Les formes composées de l'irréel

### *Rappels concernant la forme simple :*

- A la différence près de l'existence d'une marque spécifique pour le féminin pluriel (-ईं), l'irréel simple est <u>formellement</u> semblable au participe inaccompli (rad - त - marque de genre et nombre).

- Toujours liée à une condition non réalisée, la forme simple n'a pas de référence temporelle et peut référer à un présent ou à un passé (वह घूमता « il se promènerait / il se serait promené »).







(1) अच्छा हुआ हमने चीनी भेस बना लिया। ज़रा सोचो कितना बवाल खड़ा **हो जाता** अगर हम ऐसी पुरानी जगह पर अपने कोट पतलून में **आते** तो ...

भेस बनाना (t) se déguiser ; बवाल (m) trouble, complication, situation désastreuse

(2) तो यही वह रहस्यमयी ज़हर है जिसने कई लोगों को पागल कर दिया ... अगर आपका आदमी ऐन मौक़े पर वहाँ **न होता** तो मैं भी पागल **हो जाता** ...

रहस्यमयी (a) mystérieux ; ऐन मौक़े पर juste au bon moment







(3) <u>काश</u> मुझे ख़ुद पता **होता** !

उत्सुक (a) curieux / passionné, ardent ; ताबूत (m) cercueil

(4) मैंने छुपकर तुम्हारी सारी हरकतें देख लीं। <u>वरना</u> मैं कभी नहीं **पहचान पता** कि तुम पुलिस के जासूस हो।

हरकत (f) agissement ; जासूस (m) espion

***Les formes composées de l’irréel :***

- Forme habituelle : participe inaccompli + होना à l’irréel (ex. वह घूमता होता)

- Forme actualisée : radical + auxiliaire d’actualisation रह g/n + होना à l’irréel (ex. वह घूम रहा होता)

- Forme accomplie : participe accompli + होना à l’irréel (ex. वह घूमा होता / उसने सब समोसे खाए होते)

***- Forme habituelle : participe inaccompli + होना à l’irréel***

(5) अर्थशास्त्र से ही अर्थव्यवस्था **चलती होती** तो अमेरिका का यह हाल न **होता**। अर्थशास्त्र विषय में नोबल पुरस्कार हासिल करने वाले सबसे ज़्यादा विद्वान अमेरिका में ही हैं पर वहाँ का हाल सबके सामने है। स्थिति संभाले नहीं संभल रही है।

विषय (m) sujet ; हासिल करना (t) obtenir

(6) मैंने कभी पूजा नहीं की। याद है, हम और तुम पूजा करने वालों को कितना बनाया करती थीं। अगर मैं पूजा करने वालों का चरित्र कुछ उन्नत **पाती** तो शायद अब तक मैं भी पूजा **करती होती**। लेकिन मुझे तो कभी ऐसा अनुभव प्राप्त नहीं हुआ, पूजा करने वालियाँ भी उसी तरह दूसरों की निन्दा करती हैं, उसी तरह आपस में लड़ती-झगड़ती हैं, जैसे वे जो कभी पूजा नहीं करतीं। (मुंशी प्रेमचन्द - दो सखियाँ)

किसी को बनाना "faire marcher qqun" se moquer de ; चरित्र (m) caractère ; उन्नत (a) élevé, développé ; प्राप्त (a) obtenu ; निन्दा (f) calomnie, condamnation

(7) अगर ख़ुदा मिल **जाते होते** कब तक ख़ुदा **कहलाते** यहाँ ?

(8) सीता आँखों में आँसू भरकर बोलीं : स्वामी! ... यह कैसे हो सकता है कि आप जंगलों में तरह-तरह की कठिनाइयाँ झेलें और मैं राजमहल में आराम से सोऊँ। स्त्री का धर्म अपने पति का साथ देना है ... यदि आप सैर और मनबहलाव के लिए **जाते होते**, तो मैं आपके साथ जाने के लिए अधिक **आग्रह न करती**। किन्तु यह जानकर कि आपको हर तरह का कष्ट होगा मैं किसी तरह नहीं रुक सकती।

झेलना (t) = बरदाश्त करना / सहना ; मनबहलाव (m) distraction ; आग्रह (m) insistance

(9) समाज की यह सामान्य धारणा ग़लत है कि व्यक्ति कम आमदनी के कारण बेईमान और भ्रष्ट होता है। ईमानदारी केवल अधिक धनार्जन से **आती होती** तो देश में बड़े पैमाने पर काला धन और भ्रष्टाचार ही नहीं **होता**।

सामान्य (a) général, commun ; धारणा (f) opinion, idée ; आमदनी (f) revenu ; भ्रष्ट (a) corrompu ; भ्रष्टाचार (m) corruption ; धनार्जन (m) gain, acquisition de biens ; पैमाना (m) échelle [de grandeur]

(10) यीशु यदि आज शारीरिक रूप में हमारे मध्य उपस्थित **होता** तो वह क्या-क्या **कर रहा होता** ? वह किन लोगों से **बातें करता होता** ? वह अपने दिन किस प्रकार **व्यतीत करता होता** ?

शरीर ⇨ शारीरिक ; उपस्थित (a) présent ; व्यतीत (a) passé

**- Forme actualisée : radical + auxiliaire d’actualisation + *होना* à l’irréel**

(11) अगर ज़िन्दगी इतनी सरल **होती** कि जिसे हम बहुत चाहते हैं वह भी वापस हमें उतना ही चाहे तो मैं यह जॉर्ज क्लूनी के बेडरूम से **लिख रही होती**।

सरल (a) simple, facile

(12) अगर वह पढ़ने में अच्छा नहीं **होता** और गाँव के पोस्टमास्टर साहिब उसकी मदद ना **करते** तो वह किसी खेत में मज़दूरी **कर रहा होता**।

खेत (m) champ

(13) अगर ऐसा **होता** तो इन शवों को नदी में खुले आम डंडों के सहारे **बहाया नहीं जा रहा होता**।

शव (m) cadavre ; डंडा (m) bâton ; के सहारे (pp) à l’aide de (सहारा [m] aide, soutien, secours)

(14) बेशक, महात्मा गांधी अगर **होते**, तो न केवल भ्रष्टाचार पर **प्रहार कर रहे होते**, बल्कि हमारी व्यवस्था में ईमानदारी का बोलबाला **होता** और भ्रष्ट लोग छिपते **फिरते**।

बेशक (adv) sans [बे-] doute ; प्रहार (m) assaut, coup ; बोलबाला (m) domination, respect

**- Forme accomplie : participe accompli + *होना* à l’irréel**




(15) अगर मैं चैंग की जगह **होता** और इस दुर्घटना में जीवित **बचा होता** तो मैं वहाँ ही **गया होता**।

(16) अगर तुम चुपचाप **बैठे रहते** तो इतना कुछ **न हुआ होता**।

(17) सौभाग्य से ख़ाली हथगोले ही भेजे जाते हैं जहाज़ों में **वरना** तो अब तक हमारा राम नाम सत्य **हो चुका होता**।

सौभाग्य (m) chance, bonheur ; हथगोला (m) grenade ; जहाज़ (m) bateau ; "राम नाम सत्य है" "le nom de Ram est vérité" paroles prononcées par les personnes prenant part à un cortège funèbre

(18) - अगर **मैंने** तुम्हारी बात नहीं **सुनी होती** तो हम इन लबादों  में नहीं **होते** ... और इस तरह मुँह के बल नहीं **गिरते** !

- बछिया के ताऊ ! अगर हम अरबियों का भेष नहीं **बनाते** तो टिनटिन हमारे पास ख़ुद ही चलकर नहीं **आया होता**।

लबादा (m) sorte de manteau ("djellaba") ; मुँह के बल गिरना (i) tomber de tout son long,




(19) हॉलीवुड अभिनेत्री हेली बेरी दो शादियाँ करने के बाद पछता रही हैं और कह रही हैं कि वे शादी के लिए नहीं बनी। सन की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार हेली का कहना है कि मैं खुश **होती** अगर **मैंने** कभी शादी नहीं **की होती**। हेली का कहना है, ''**काश** मुझे **पता होता** कि मैं शादी के लिए नहीं बनी। इससे बहुत सारा वक्त, दिल का दर्द और सालों का दु:ख नहीं **सहना पड़ता**।

पछताना (i) regretter, se repentir

(20) चाय ! ज़रूर इसने वह चाय चाटी होगी जो ज़मीन पर गिर गई थी ... लेकिन ... वह गोली, भगवान की बड़ी कृपा रही, अगर **मैंने** वह चाय **पी ली होती** तो ...

चाटना (t) lécher ; गोली (f) balle ; कृपा (f) bienveillance, grâce, faveur




(21) "पुराने दिनों में मैंने बहुत मूर्खतापूर्ण निर्णय लिए क्योंकि मैं बहुत ऊँचा उड़ रही थी और इस कारण मैंने संतुलन खो दिया। **काश** कि **मैंने** ऐसे फ़ैसले नहीं **लिए होते**।"

-पूर्ण (suf.) "rempli de" ; संतुलन (m) équilibre




(22) अगर वह **सोए न होते** तो तुम्हें उन्हें **जगाना न पड़ता** !

(23)  काश ! यहाँ तक लाने में इतनी देर **न की गई होती** !

(24)  अगर उनके **होते** तो हमें ये अवशेष किनारे के पास **मिले होते**। भाले को देखो। अधिक संभावना इस बात की है कि ये यहाँ के आदिवासी थे जो लड़ाई में मारे गए और शायद अपने दुश्मनों द्वारा इसी जगह पर खा लिए गए।

